# राजस्थान सरकार
## गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(5)गृह–1/2024 पार्ट (25264) जयपुर, दिनांक : हस्ताक्षरित दिनांक

**<u>आदेश</u>**

राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2024–25 की दिनांक 09.01.2025 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री रमेश कुमार पारीक/रामसहाय (सामान्य) के विरूद्व पुलिस आयुक्त, जयपुर के आदेश क्रमांक 814–16 दिनांक 03.08.2024 द्वारा अन्तर्गत नियम 17 सीसीए में विभागीय जांच विचाराधीन होने के कारण इनकी पदोन्नति अभिशंषा को सील्ड कवर में रखा गया।

श्री रमेश कुमार पारीक को उक्त विभागीय जांच में पुलिस आयुक्त, जयपुर के आदेश क्रमांक 756–59 दिनांक 24.06.2025 द्वारा दोषमुक्त किया गया है। इस कारण राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2024–25 की दिनांक 09.01.2025 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सील्ड कवर में किये गये श्री रमेश कुमार पारीक की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री रमेश कुमार पारीक/रामसहाय (सामान्य) को राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला वर्ष 2024–25 में रिक्ति दिनांक 08.10.2024 के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। श्री रमेश कुमार पारीक की वरिष्ठता श्री विजय सिंह/रामस्वरूप सिंह (सामान्य) के नीचे तथा श्री कमल नयन मोयल/किशन लाल मोयल (सामान्य) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री रमेश कुमार पारीक, आरपीएस अग्रिम आदेशो तक वर्तमान पद पर ही यथावत कार्य करते रहेंगे तथा इनको रिक्ति दिनांक से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

**(आनन्दी लाल वैष्णव)**
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।

Digitally signed by Anandi Lal Vaishnav
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2025.10.08 15:24:52 IST
Reason: Approved

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस



RajKaj Ref No.: 18203608